# बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

## 22 फरवरी, 2021

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

**कुल प्रश्न 15**

----

### नियम शिथिल कब तक

*1 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में धान की खरीद हेतु सरकार की जो शर्त है उसके अनुसार सरकार 17 प्रतिशत नमी वाले धान की ही खरीद करेगी ;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के किसी भी जिले के किसान ठंड के मौसम में कितना भी धान को सुखा रहे हैं तो भी धान में नमी 20 प्रतिशत से कम नहीं हो पाती है ;

(ग) क्या यह सही है कि 20 प्रतिशत नमी होने के कारण किसान 1100-1600 प्रति क्विंटल की दर से बेचने को मजबूर हैं, जिसका लाभ बिचौलिए और व्यापारी उठा रहे हैं और किसानों को काफी नुकसान हो रहा है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 17 प्रतिशत नमी के नियम को थोड़ा शिथिल कर 20 प्रतिशत करने का विचार रखती है, ताकि राज्य के किसान धान को एमएसपी (1888 रुपए प्रति क्विंटल) पर बेच सकें, यदि हां तो कब तक ?

----

### सड़क निर्माण

*2 **मो. फारूक (विधान सभा):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि एन. एच. 104 शिवहर शहर से होकर गुजरती है ;

(ख) क्या यह सही है कि एन. एच. 104 शिवहर शहर से पहले बाईपास सड़क नहीं रहने के कारण शिवहर शहर में वाहनों का जाम लगने के कारण आमजनों को काफी कठिनाई होती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिवहर शहर से पहले एक बाईपास सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## डीजल अनुदान भुगतान

*3 **श्री रण विजय कुमार सिंह (विधान सभा):**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर (आरा), बक्सर, रोहतास जिलों के किसानों को मिलने वाले डीजल अनुदान से संबंधित आवंटन प्रखंड कार्यालय एवं कृषि विभाग की शिथिलता के कारण स्वीकृत नहीं किए जा रहे हैं ;

(ख) क्या यह सही है कि कृषि डीजल अनुदान प्रखण्ड कार्यालय के माध्यम से देने का प्रावधान है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त जिलों के किसानों को समय पर डीजल अनुदान भुगतान करना चाहती है ताकि किसान समय पर फसल की बुआई/ कटाई कर सके ?

----

## पथ की मरम्मती

*4 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सोनवरसा प्रखंड के बेला से मुबारकपुर, मेजरगंज से सोनवरसा, मड़पा से वगहा एवं फतेहपुर – सरबरपुर – मड़पा,

बेताही – कन्हौली, भारसर ग्रामीण पथ की स्थिति अत्यंत ही जर्जर हो गई है। जिस कारण बरसात के दिनों में इन पथों पर आवागमन में काफी दिक्कत होती है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इन पथों की मरम्मती कराकर इन्हें जर्जरावस्था से मुक्त कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## सड़क की मरम्मती

*5 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री,ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गया जिले के कोंच थाना अन्तर्गत परसामा से तरारी तक जाने वाली सड़क वर्षों से जर्जर स्थिति में है ;

(ख) क्या यह सही है कि सड़क जर्जर रहने के कारण आवागमन में भारी कठिनाई होती है, साथ ही स्कूली बच्चों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार परसामा से तरारी जाने वाली सड़क की मरम्मत कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## पथ की मरम्मती

*6 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला के ढेंग से बैरगनिया जाने वाली सड़क की स्थिति काफी जर्जर एवं दयनीय रहने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## गहन शल्य चिकित्सा

*7 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन :-**

क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री सात निश्चय के दूसरे चरण में अनुमंडल स्तर पर मवेशियों की गहन शल्य चिकित्सा के लिए ट्रॉमा सेंटर खोलने का प्रस्ताव है ;

(ख) क्या यह सही है कि बक्सर जिला के डुमराव के हरियाणा फार्म स्थित पशु प्रजनन प्रक्षेत्र में खोलने के लिए पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के निदेशक ने क्षेत्रीय निदेशक से रिपोर्ट मांगी है ;

(ग) क्या यह सही है कि ट्रॉमा सेंटर पर पशुओं के लिए वार्ड, उनके एटेंडेंट के रहने के लिए भवन, पशुओं के लाने लिए एम्बुलेटरी वैन सहित अन्य आवश्यक सेवाओं एवं कार्यों के लिए भवन बनाए जाएंगे ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बक्सर जिला के डुमरांव के हरियाणा फार्म में मवेशियों की गहन शल्य चिकित्सा के लिए ट्रॉमा सेंटर कब तक खोलना चाहती है ?

----

## फ्लाईओवर का निर्माण

*8 **प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि महात्मा गांधी सेतु के उत्तरी हिस्से के पासवान चौक (हाजीपुर) पर अक्सर जाम रहता है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त स्थान पर फ्लाईओवर नहीं रहने के कारण लोग घंटों जाम से परेशान रहते हैं ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब तक उक्त स्थान पर दक्षिण-उत्तर दिशा में फ्लाईओवर का निर्माण कराएगी ?

----

## मानदेय का भुगतान

*9 **डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बिहार के विकास कार्य को धरातल पर लागू करने वाली पंचायत के जनप्रतिनिधियों का मासिक मानदेय विगत मार्च 2020 से बकाया है जिसका भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है ;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य सरकार के द्वारा पंचायत के जनप्रतिनिधियों को पेंशन का लाभ नहीं दिया जा रहा है जो अभी तक विचाराधीन ही है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन जनप्रतिनिधियों के मासिक मानदेय का भुगतान एवं पेंशन का लाभ चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## जाम की स्थिति

*10 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-31 (NH-31) अथवा अन्य राष्ट्रीय उच्च पथों की सर्विस लेन में स्थायी रूप से दुकान सजे रहते हैं, जिसके कारण मुख्य पथों पर आवाजाही के कारण लोगों को जानलेवा दुर्घटना का शिकार बनना पड़ता है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त कारणों से छोटी-बड़ी यात्री गाडि़यों के मुख्य पथों पर ही रोककर यात्रियों के चढ़ाने-उतारने से जाम की स्थिति बनी रहती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या लोकहित में सरकार इस दिशा में कोई कार्रवाई करना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों ?

----

## मुख्यालय का भवन निर्माण

*11 **श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला अन्तर्गत नवनिर्मित मोहरा प्रखंड अधिसूचित किया जा चुका है ;

(ख) क्या यह सही है कि जिलाधिकारी ने अपने पत्रांक- 3864, दिनांक- 08.10.2012 के द्वारा मोहरा प्रखंड स्थित कजूर गांव में करीब 11 एकड़ उपलब्ध जमीन पर प्रखंड भवन

निर्माण कराने हेतु अपनी अनुसंशा सरकार को भेजी है ;

(ग) क्या यह सही है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य कर्मचारी वर्तमान में अतरी प्रखंड में ही सारे अधिकारी कार्य करते हैं और मोहरा प्रखंड में पदाधिकारी पदस्थापित नहीं हैं ;

(घ) क्या यह सही है कि कजूर गांव में ही करीब 10 करोड़ की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कराया गया है जिसका उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा दिनांक- 26.09.2020 को किया गया है ;

(ड.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मोहरा प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी तथा अन्य कर्मचारियों को बैठने तथा कजूर में प्रखंड मुख्यालय का भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## नाली का निर्माण

*12 **श्री मो. कमर आलम (विधान सभा)ः**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना शहर स्थित आर. ब्लॉक की पथ सं०-2 का नये सिरे से निर्माण एवं कालीकरण का कार्य हाल में ही पथ निर्माण विभाग के द्वारा कराया गया है, कालीकरण के बाद उक्त पथ ऊंचा हो गया है और पथ के किनारे की पुरानी नाली पूर्णतः बंद हालत में है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ के ऊंचा होने के कारण वहां स्थित राज्य महिला विकास निगम, अनुसूचित जाति आयोग के आगे तथा भविष्य निधि कार्यालय की ओर जाने वाले रास्ते में बरसात के दिनों में कई महीनों तक गंदा पानी सड़क पर ही जमा रहता है और लोग गंदे पानी से होकर जाने को मजबूर होते हैं ;

(ग) क्या यह सही है कि व्हाट्सएप वीडियो के माध्यम से उक्त समस्याओं की ओर विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया गया था, जिसका सं०-80000-2909200116 है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गंदे पानी के निकास हेतु पथ सं०-2 से सटी पूर्व बड़ी नाली का निर्माण कराकर, उसे समीप के नाले से मिलाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई कबतक

***13 श्री संजय प्रसाद (मुंगेर स्थानीय प्राधिकार):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सोनो से चरकापत्थर रोड विगत कुछ दिनों पहले ही बनाया गया था जबकि प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं कराए जाने के कारण रोड काफी जर्जर स्थिति में है ;

(ख) क्या यह सही है कि संवेदक एवं पदाधिकारी की मिलीभगत से घटिया कार्य कराया गया, रोड की स्थिति काफी जर्जर है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी संवेदक एवं पदाधिकारी पर कार्रवाई करना चाहेगी, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## निगरानी कराने का विचार

***14 श्री आदित्य नारायण पाण्डेय (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार):**

**ग्रामीण विकास :-**

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिले में लाखों रुपए खर्च कर मनरेगा योजना से पौधरोपण किया गया;

(ख) क्या यह सही है कि लाखों रुपये खर्च कर मनरेगा योजना के तहत किये गये पौधारोपण निगरानी के अभाव में सूख गए हैं, पौधे की जगह सिर्फ पौधे की सुरक्षा को लेकर बांस से निर्मित घेराबंदी ही रह गयी है ;

(ग) क्या यह सही है कि इसकी निगरानी के लिए लगाए गए मनरेगा कर्मी भी उदासीन बने हुए रहे हैं, जिले के कई अन्य प्रखंडों में भी इस योजना से लगाए गए पौधे मुरझा गये, कई जगह तो योजना मद में खर्च की गई राशि के बोर्ड तक नहीं लगाए गए हैं ;

(घ) क्या यह सही है कि मौजूदा स्थिति को देख यह कहना गलत नहीं होगा कि पौधारोपण योजना मनरेगा कर्मियों के लिए दुधारू योजना साबित हो रही है ;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त योजना के जिम्मेदार व्यक्ति पर कार्रवाई एवं आगे इसकी निगरानी का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क की दोहरीकरण

***15 डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुंगेर जिला के भीम बांध जंगल में सड़क के दोहरीकरण की आवश्यकता है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क की दोहरीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----